आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 26.10.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मिलावटखोरी को रोकने के लिए खाद्य पदार्थों की नियमित सैंपलिंग करने के निर्देश दिए।
- ग्राम्य विकास विभाग ने प्रदेश में विभिन्न सामुदायिक संगठनों के उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए।
- मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को ग्रामीण और शहरी स्तर पर स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।
- प्रदेश के युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए नवम्बर माह में कौशल विकास और रोजगार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।
- और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

सख्त कार्रवाई निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी को रोकने के लिए खाद्य पदार्थों की नियमित सैंपलिंग करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट, थूकने की घटनाओं और गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। देहरादून में आयोजित बैठक में श्री धामी ने दीपावली के त्योहार के मद्देनज़र यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अग्निशमन विभाग को दीपावली पर आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए अग्निशमन वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जवाब तलब

रुड़की के पिरान कलियर स्थित इलायची दाना निर्माण इकाई और सोन हलवा निर्माण इकाई का अपर सचिव, स्वास्थ्य अनुराधा पाल, गढ़वाल उपायुक्त आरएस रावत और संयुक्त मजिस्ट्रेट, रुड़की आशीष मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। दोनों निर्माण इकाइयों के पास फूड लाइसेंस नहीं था और ये उत्पादों के निर्माण

स्वच्छता के मानकों का पालन नही ंकर रहे थे। इस पर दोनों इकाइयों को नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब तलब किया गया है।

## दिशा–निर्देश

प्रदेश में विभिन्न सामुदायिक संगठनों के उत्पादों को प्रोत्साहित करने और उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए ग्राम्य विकास विभाग ने दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसकी सहायता से स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन और कल्स्टर फेडरेशनों द्वारा उत्पादित उत्पादों की गुणवत्ता, प्रसंस्करण और पैकेजिंग में सुधार तथा विपणन से संबंधित कौशल का विकास करने के प्रयास किए जांएगे।

ग्राम्य विकास सचिव राधिका झा ने इस संबंध में प्रदेश के मुख्य विकास अधिकारियों को दिशा–निर्देश जारी कर कहा है कि समूहों द्वारा खाद्य सामग्री के उत्पादन के लिए ऑनलाईन एफ०एस०एस०ए०आई प्रमाणीकरण किया जाना अनिवार्य होगा। साथ ही खाद्य सामग्री की पैकेजिंग पर उसमें मिलाई गई सामग्री, निर्माण की तिथि और एक्सपायरी को स्पष्ट रूप से अंकित करने को कहा गया है। उत्पाद की गुणवत्ता और शेल्फ लाइफ को बढाने के लिए मानकीकृत पैकेजिंग करने और खाद्य उत्पादों के लिए स्वच्छता और गुणवत्ता मानकों का सख्ती से अनुपालन को कहा गया है। साथ ही निर्मित उत्पादों में किसी भी तरह के फूड कलर का उपयोग नहीं किया जा सकता। संबंधित अधिकारियों को हर महीने समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों का निरीक्षण कर गुणवत्ता, पैकैजिंग जैसे मानकों की जांच करने को भी कहा गया है।

## ट्रांजिट हॉस्टल लोकापर्ण

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने यमुनोत्री धाम के मुख्य पड़ाव जानकीचट्टी में चिकित्सकों के लिए 2 करोड़ 85 लाख की लागत से तैयार ट्रॅाजिट हॅास्टल का लोकार्पण किया। उन्होंने बताया कि इससे चिकित्सकों की आवासीय व्यवस्था की समस्या दूर हो गई है। इस दौरान डॉक्टर रावत ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जानकीचट्टी का निर्माणाधीन भवन तैयार न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यदायी संस्था और विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी चिकित्सा इकाइयों में जीवनरक्षक उपकरण, ऑक्सीजन सिलेंडर और दवाईयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही यात्रा मार्गों पर 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा और एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस और कार्डियक एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराने और इनका रिस्पांस टाइम कम से कम करने के निर्देश भी दिए।

प्रवेश परीक्षा आयोजन

राज्य के सभी राजीव गाँधी नवोदय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025–2026 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 9 मार्च 2025 को किया जाएगा। नैनीताल, देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ, चम्पावत एवं अल्मोड़ा जिलों के राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्रति जिला 60 सीटें निर्धारित की गई हैं जबकि उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, बागेश्वर और उधमसिंह नगर के लिए जिलावार कुल 30 सीटें तय हैं। इनमें से 50 प्रतिशत सीट बालिकाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। साथ ही 80 प्रतिशत सीटें ग्रामीण और 20 प्रतिशत सीट शहरी क्षेत्रों के लिए होंगी। आवेदन पत्र उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की वेबसाइट ूण्नइेमण्नाण्हवअण्पद से डाउनलोड किया जा सकता है। इस प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी अपने विद्यालय में पूरित आवेदन पत्र 16 दिसम्बर 2024 तक जमा कर सकते हैं।

चर्चा

उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच वन, सिंचाई, ऊर्जा और सहकारिता विभाग से संबंधित परिसम्पत्तियों के संबंध में राज्य के कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने अधिकारियों के साथ चर्चा की। दोनों राज्यों के बीच वन और सिंचाई के कुछ मामलें अभी लंबित हैं, जिस पर श्री अग्रवाल ने विभागीय सचिव स्तर पर आगामी 10 दिन के भीतर बैठक कर मामलों का निस्तारण करने को कहा।

स्वच्छता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों को जनसहयोग से अपने क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी स्तर पर स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों के संबंध में सचिवालय में आयोजित बैठक में श्री धामी ने कहा कि स्वच्छता के साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सौन्दर्यीकरण की दिशा में भी काम किया जाए। उन्होंने दीपावली और राज्य स्थापना दिवस के मद्देनज़र प्रदेश की अन्तरराज्यीय और अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं।

सम्मेलन प्रस्तावित आयोजन

प्रदेश के युवाओं का कौशल विकसित करने और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवम्बर माह में कौशल विकास और रोजगार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य

सचिव राधा रतूड़ी ने संबंधित विभागों को आंकडों के साथ कार्ययोजना एक सप्ताह में प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। इसके आधार पर सम्मेलन के लिए एक स्पष्ट और प्रभावी कार्ययोजना को अन्तिम रूप दिया जा सकेगा। सचिवालय में आयोजित बैठक में श्रीमती रतूड़ी ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य राज्य के युवाओं को सशक्त बनाना, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना और समावेशी विकास को बढ़ावा देकर राज्य के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की चुनौतियों का समाधान करना है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण होगा।

होमस्टे उद्घाटन

स्थानीय पर्यटन और सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, ऑपरेशन सद्भावना के तहत कुमाऊँ क्षेत्र के ऐतिहासिक और खूबसूरत स्थल कालापानी में एक टेंट आधारित होमस्टे का उद्घाटन किया गया। यह होमस्टे पंचशूल ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर एस.पी.एस. चौहान द्वारा शुरू किया गया है। इस पहल का उद्देश्य केंद्र सरकार के वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति का प्रामाणिक अनुभव प्रदान करना और सतत पर्यटन प्रथाओं को बढ़ावा देना है। यह पहल वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम को बढ़ावा देने के साथ–साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएगी।

प्रवासी पक्षी

विकासनगर के ढालीपुर में स्थित आसन वैटलैंड कंजर्वेशन रिज़र्व में इन दिनों साइबेरिया, चीन, रूस, साउथ एशिया और कजाकिस्तान जैसे देशों से हजारों मील का सफ़र तय करके प्रवासी पक्षी पहुंच रहें हैं। हर साल की तरह इस साल भी सर्दियों की दस्तक के साथ ये पक्षी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए है। वन दरोगा प्रदीप सक्सेना बताते हैं कि हर साल यहाँ लगभग 60 से अधिक प्रजाति के विदेशी पक्षी प्रवास के लिए आते हैं  जिनमे सुरखाब, सीखपर, लाल चौंच, गुडगुडा, कुर्चिया बत्तख, सुर्खिया बगुला जैसी तमाम प्रजातियां हैं जो ठंडे देशों से यहां पहुंचती है।

बयान

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा है कि उपनल कर्मियों के मामले में सरकार परीक्षण करा रही है और नियमितीकरण में कोई तकनीकी पेंच न पहुंचे, इसके लिए सरकार सतर्क है। मनवीर चौहान ने कहा कि नियमितीकरण में आरक्षण भी अहम विषय है। राज्य में 20 हजार से अधिक उपनलकर्मी बिना आरक्षण या अन्य मानकों के आधार पर कार्य कर रहे हैं।